an>

Title: Need to extend National Highway No. 12 from Khilchipur to Teendhaar via Jeerapur, Machalpur and Bakani including Iklera.

श्री नारायण सिंह अमलाबे (राजगढ़): महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र राजगढ़ से हो कर गुजरने वाला नेशनल हाइवे नम्बर 12, जो कि जबलपुर से जयपुर जाता है, इस राष्ट्रीय राजमार्ग को खिलचीपुर से तीनधार तक वाया जीरापुर, माचलपुर, बकानी हो कर विस्तार हेतु अगस्त-2009 में मेरे द्वारा तत्कालीन माननीय मंत्री महोदय से अनुरोध किया गया था। मेरे अनुरोध पर माननीय मंत्री जी द्वारा संबंधित विभाग को इसके सर्वे हेतु निर्देश भी दिए गए थे, लेकिन आज तक इसके बाद इस संबंध में कोई कार्यवाही नहीं हुई है।

महोदय, उक्त राष्ट्रीय राजमार्ग के विस्तार करने से लगभग 10 किलोमीटर की दूरी कम हो जाएगी। वहीं वर्तमान में यह राष्ट्रीय राजमार्ग जो खिलचीपुर से तीनधार वाया इकलेरा हो कर संचालित है, उसमें छह किलोमीटर के लगभग घाट सेक्शन है, जहां प्रायः दुर्घटनाएं होती रहती हैं, जिसके कारण जन-धन की हानि होती है। वर्षाकाल के मौसम में 4-5 पुलिया ऐसी हैं, जहां यातायात अक्सर बाधित हो जाया करता है।

महोदय, मेरा अनुरोध है कि यदि इस राष्ट्रीय राजमार्ग का विस्तार खिलचीपुर से तीनधार वाया इकलेरा के साथ-साथ वाया जीरापुर, माचलपुर, बकानी हो कर तीनधार कर दिया जाए, तो यह जनहित में होगा। वहीं दूसरी ओर करोड़ों रूपए के ईंधन और समय की भी बचत होगी।

महोदय, सरकार को इसमें कुछ भी नहीं करना है, केवल नेशनल हाइवे को 12ए के नाम से कर दिया जाए। इसमें खिलचीपुर से जीरापुर- 21 किलोमीटर, एसएच-14 है। जीरापुर से गोघढ़पुर 25 किलोमीटर, एमपीआरडीसी सड़क बना रही है। गोघढ़पुर से राजस्थान केवल दो किलोमीटर रोड़ बनाना है। राजस्थान सीमा तीनधार तक का रोड़ 30 किलोमीटर बना हुआ है। इसलिए मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करता हूं कि एनएच-12 टू लेन के साथ-साथ को एनएच-12ए कर दिया जाए, ताकि जनता को अधिक से अधिक लाभ मिल सके। धन्यवाद।